# नगर पालिका सीएमओ की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

**महत्वपूर्ण शाखाओं के प्रभार कॉन्ट्रैक्ट बेस कर्मचारी अमरीश शुक्ला को सौंपे**




**विश्वनाथ श्रीवास**

**भिंड 01 जुलाई।** नगर पालिका एक बार फिर विवादों के केंद्र में आ गई है। सीएमओ यशवंत वर्मा की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायतकर्ताओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शासन द्वारा कॉन्ट्रैक्ट बेस आधारित व्यवस्था समाप्त किए जाने के बावजूद अमरीश शुक्ला को नगर पालिका में बनाए रखा गया तथा बिना नगर परिषद के विधिवत प्रस्ताव (ठहराव) के उन्हें स्थापना शाखा जैसी महत्वपूर्ण शाखा का प्रभार सौंप दिया गया।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि स्थापना शाखा का प्रभार मिलने के बाद विभिन्न प्रशासनिक कार्यों के नाम पर अवैध वसूली की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। उनका दावा है कि यह पूरी व्यवस्था सीएमओ की विशेष कृपा से संचालित हो रही है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र या आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**एक ही व्यक्ति को कई महत्वपूर्ण शाखाओं का प्रभार देने पर सवाल:** विवाद उस समय और गहरा गया जब स्थापना शाखा के साथ-साथ हाल ही में जन्म-मृत्यु शाखा का अतिरिक्त प्रभार भी कॉन्ट्रैक्ट बेस कर्मचारी अमरीश शुक्ला को सौंप दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने सवाल उठाया है कि जिस व्यक्ति की नियुक्ति और सेवा स्थिति को लेकर ही विवाद हो, उसे एक के बाद एक महत्वपूर्ण शाखाओं की जिम्मेदारी किस आधार पर सौंपी जा रही है। उनका कहना है कि नगर पालिका में नियमित अधिकारी और कर्मचारी उपलब्ध होने के बावजूद एक ही व्यक्ति को कई अहम शाखाओं का प्रभार देना प्रशासनिक पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने मांग की है कि यदि समस्त कार्रवाई नियमानुसार की गई है तो नगर पालिका प्रशासन संबंधित आदेशों एवं प्रक्रिया की जानकारी सार्वजनिक करे।

**सीएमओ की कार्यशैली पर पहले भी उठ चुके हैं सवाल:** शिकायतकर्ताओं का कहना है कि यह पहला अवसर नहीं है जब सीएमओ यशवंत वर्मा की कार्यशैली विवादों में आई हो। इससे पहले भी ऑफलाइन फाइलों के संचालन, दैनिक वेतनभोगी एवं मस्टर भर्ती प्रक्रिया सहित अन्य प्रशासनिक निर्णयों को लेकर समय-समय पर सवाल उठाए जाते रहे हैं। उन्होंने इन सभी मामलों की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है, ताकि वास्तविक स्थिति जनता के सामने आ सके।

**जांच समिति के गठन की उठी मांग:** शिकायतकर्ताओं का कहना है कि लगातार शिकायतें सामने आने के बावजूद अब तक जिला प्रशासन द्वारा किसी स्वतंत्र जांच समिति का गठन नहीं किया गया है। उनका मानना है कि निष्पक्ष जांच से ही आरोपों की सत्यता सामने आ सकेगी और यदि किसी स्तर पर अनियमितता हुई है तो जिम्मेदारों के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

**शहर की सफाई व्यवस्था भी बनी चिंता का विषय:** नगर पालिका की प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों के बीच शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर भी नागरिकों में नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। कई वार्डों में कचरे के ढेर लगे होने, नियमित सफाई नहीं होने तथा नालियों की सफाई प्रभावित रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को आंतरिक विवादों से अधिक शहर की मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था और जनहित के कार्यों पर ध्यान देना चाहिए।

**प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी निगाहें:** नगर पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर उठ रहे इन आरोपों के बीच अब लोगों की निगाहें जिला प्रशासन पर टिकी हैं। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराई जाती है या मामला केवल आरोप-प्रत्यारोप तक ही सीमित रहता है।

**इनका कहना है...**
नगर पालिका परिषद के ठहराव (प्रस्ताव) के बिना स्थापना शाखा और जन्म-मृत्यु शाखा जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां कॉन्ट्रैक्ट बेस पर भर्ती कर्मचारी को सौंपना गंभीर विषय है। हमें भी सूचना मिली हैं कि संबंधित शाखाओं में भ्रष्टाचार और अनियमितताएं हो रही हैं। पूरे मामले की शिकायत कलेक्टर सें करेंगें और निष्पक्ष जांच कराएगें।
**भानु भदौरिया, उपाध्यक्ष, नपा, भिंड।**

# मिहोना नगर में नहीं रुक रहीं चोरी की वारदातें



**नवभारत न्यूज**

**लहार/मिहोना 01 जुलाई।** नगर में चोरों ने बीती रात एक सूने घर को बनाया निशाना, घर का मेन गेट का तोड़कर घर में घुसे चोर, पड़ोसियों के जागने पर चोरी करने में चोर हुए नाकामयाब आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से नगरवासी भय और आक्रोश के माहौल में जीने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है कि चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं, जबकि इन घटनाओं पर प्रभावी रोक नहीं लग पा रही है। नगरवासियों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी नगर के प्रसिद्ध जमावय माता मंदिर में चोरी की वारदात हो चुकी है, जिसने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी। धार्मिक स्थल तक को निशाना बनाए जाने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि पुलिस सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत करेगी, लेकिन इसके बावजूद चोरी की घटनाओं का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। लगातार हो रही वारदातों से व्यापारियों, आम नागरिकों और सामाजिक संगठनों में भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि रात के समय पुलिस गश्त और निगरानी को और प्रभावी बनाने की आवश्यकता है, ताकि अपराधियों में कानून का भय पैदा हो और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

नगरवासियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि पूर्व की चोरी की घटनाओं सहित सभी मामलों का शीघ्र खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी निगरानी को मजबूत करने और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने की भी मांग की गई है। नगर के लोगों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो अपराधियों के हौसले और बुलंद होंगे तथा आमजन का कानून व्यवस्था से विश्वास प्रभावित होगा। फिलहाल पूरे नगर की निगाहें पुलिस प्रशासन की कार्रवाई पर टिकी हैं और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि चोरी की वारदातों पर जल्द अंकुश लगेगा तथा चोरों को पकड़कर कानून के कठघरे तक पहुंचाया जाएगा।

## धार का सरकारी इमामबाड़ा पुन: सील

**धार.** शहर स्थित हटवाड़ा के सरकारी इमामबाड़े को आज न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रशासन ने पुन: सील कर दिया. कार्रवाई के दौरान ताजिया कमेटी ने इमामबाड़े का कब्जा प्रशासन को सौंपते हुए चाबी लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सौंप दी. इंदौर उच्च न्यायालय के निर्देशों के तहत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और पुलिस की मौजूदगी में दोपहर को यह कार्रवाई शांतिपूर्वक संपन्न हुई.

# मुख्यमंत्री से मिले विधायक कुशवाह, विकास पर हुई चर्चा



**नवभारत न्यूज**

भिण्ड 01 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के भिंड विधानसभा क्षेत्र के विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने अपने भोपाल प्रवास के दौरान मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम तथा भिंड जिले के प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल से सौजन्य भेंट कर विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हुई मुलाकात के दौरान विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भिंड विधानसभा क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराया तथा क्षेत्र की विभिन्न आवश्यकताओं और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में अधोसंरचना विकास, मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर मुख्यमंत्री को मांग पत्र भी सौंपा। विधायक कुशवाह ने मुख्यमंत्री से विधानसभा क्षेत्र में नए विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान करने तथा विभिन्न लंबित परियोजनाओं को शीघ्र गति देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके बाद विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने भोपाल स्थित प्रभारी मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के आवास पर भी सौजन्य भेंट की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेश सरकार के सहयोग से क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी तथा जनता को इसका लाभ प्राप्त होगा।

## कोचिंग संचालकों ने निजी स्कूलों की खोली पोल, निष्पक्ष जांच की मांग

**विजयपुर।** विजयपुर की शिक्षा व्यवस्था में उस समय हलचल मच गई जब क्षेत्र के कोचिंग संचालकों ने निजी विद्यालयों में कथित अनियमितताओं को लेकर बीआरसी विजयपुर को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। कोचिंग संचालकों का आरोप है कि क्षेत्र के कई निजी विद्यालय शासन द्वारा निर्धारित नियमों, शिक्षा विभाग के मानकों और गुणवत्ता संबंधी निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इससे सीधे तौर पर विद्यार्थियों की पढ़ाई और भविष्य प्रभावित हो रहा है।

# लालपुरा में सीसी रोड और नाली निर्माण अधर में

**जलभराव से ग्रामीण परेशान, एक वर्ष पहले स्वीकृत हुआ था निर्माण कार्य, शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाइ**



**नवभारत न्यूज**

**लहार 01 जुलाई।** जनपद पंचायत लहार की ग्राम पंचायत लालपुरा में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य लंबे समय से अधर में लटका हुआ है। बरसात के मौसम में सड़क पर जलभराव और कीचड़ की समस्या से ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत की लापरवाही के कारण स्वीकृत निर्माण कार्य भी शुरू नहीं कराया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार पंचायत द्वारा लगभग एक वर्ष पहले सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया था, लेकिन आज तक मौके पर निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसके चलते बरसात के दौरान सड़क पर पानी भर जाता है और लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने सीएम हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने की मांग की। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच द्वारा निर्माण कार्य को लेकर लापरवाही बरती जा रही है, जिससे आम जनता रोजाना परेशान हो रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि उपलब्ध दस्तावेजों के अनुसार संबंधित सड़क एवं नाली निर्माण कार्य योजना में स्वीकृत है, लेकिन मौके पर अब तक कोई निर्माण कार्य नहीं कराया गया। इससे लोगों में पंचायत और संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, जनपद पंचायत और संबंधित विभाग से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए तथा यदि किसी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता पाई जाती है तो जिम्मेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए।

## फसल बीमा माह अभियान का शुभारंभ

**भिंड।** किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले आर्थिक नुकसान से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत 1 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित होने वाले फसल बीमा माह अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ बुधवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक कृषि रामसुजान शर्मा की उपस्थिति में हुआ, जिसमें किसानों को फसल बीमा पाठशाला के माध्यम से योजना की विस्तृत जानकारी देकर अधिक से अधिक संख्या में फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया गया।

## हादसों में दो की मौत नहीं मिला उचित इलाज

**देवसर .** जियावन थाना क्षेत्र के ग्राम खंधौली में एवं बुढ़ाडाड़ में खेत की जुताई करते समय दो ट्रैक्टर पलट गए, जिसमें दोनों ट्रैक्टरों में सवार युवकों की मौत हो गई. दोनों युवकों की मौत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में समुचित इलाज न होने के अभाव में बताया जा रहा है. आशीष गुर्जर उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम खंधौली अपने खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे. ट्रैक्टर पलटने से घायल आशीष को इलाज के लिए ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई.

# नगर निगम गठन से पहले बढ़े रजिस्ट्री शुल्क का कांग्रेस ने किया विरोध

**कांग्रेसियों ने अतिरिक्त वसूली लौटाने की मांग की, कार्रवाई न होने पर आंदोलन और न्यायालय जाने की चेतावनी**



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड 01 जुलाई।** जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) भिंड ने नगर निगम परिषद का विधिवत गठन होने से पहले नगर निगम की दरों पर रजिस्ट्री शुल्क वसूले जाने का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर महेन्द्र सिंह सौजन्या को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस ने मांग की कि नगर निगम परिषद के चुनाव एवं विधिवत गठन तक नई दरों पर रजिस्ट्री शुल्क की वसूली तत्काल प्रभाव से बंद की जाए तथा अब तक वसूली गई अतिरिक्त राशि संबंधित नागरिकों को वापस की जाए।

जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष रामशेष बघेल के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में कहा कि केवल नगर निगम संबंधी अधिसूचना जारी होने के आधार पर नगर निगम की बढ़ी हुई दरों से रजिस्ट्री शुल्क वसूलना जनविरोधी और अनुचित है। जब तक नगर निगम परिषद का विधिवत गठन नहीं हो जाता तब तक लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालना न्यायसंगत नहीं है।

रामशेष बघेल ने कहा कि यदि नगर निगम परिषद के गठन से पूर्व बढ़ी हुई दरों पर रजिस्ट्री शुल्क की वसूली बंद नहीं की गई और एक माह के भीतर अतिरिक्त वसूली गई राशि वापस नहीं की गई, तो जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) व्यापक जनआंदोलन शुरू करेगी।

आवश्यकता पड़ने पर इस विषय को जनहित याचिका के माध्यम से न्यायालय में भी उठाया जाएगा।

# लूट के विरोध में संत समाज ने एसपी कार्यालय का किया घेराव

**नयागांव थाना क्षेत्र में स्थित सिद्ध बाबा मंदिर का मामला, संत समाज ने आंदोलन की दी चेतावनी**



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड 01 जुलाई।** नयागांव थाना क्षेत्र स्थित सिद्ध बाबा मंदिर के महंत लालदास महाराज के साथ कथित मारपीट और लूट की घटना के विरोध में मंगलवार को अखिल भारतीय संत समिति के नेतृत्व में संत समाज ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। संत समाज ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापक आंदोलन किया जाएगा। संत समाज के अनुसार, पवेलीपुरा निवासी कुलदीप जाटव, आदेश जाटव, मेघसिंह जाटव और मुकेश जाटव पर आरोप है कि उन्होंने सिद्ध बाबा मंदिर के महंत लालदास जी महाराज के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावरों ने सरिया, डंडों और चाकू से हमला किया, महंत की झोली से करीब 5 हजार रुपए निकाल लिए तथा मंदिर की गोलक भी ले गए। संत समाज का आरोप है कि पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं के बजाय मामूली धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

**संत समाज ने सौंपा ज्ञापन:** अखिल भारतीय संत समिति जिला अध्यक्ष पूज्य संत कालीदास महाराज के नेतृत्व में संत समाज ने सीएसपी निरंजन सिंह राजपूत एवं एसडीओपी अटेर रविन्द्र वास्कले को ज्ञापन सौंपा। संत कालीदास महाराज ने कहा कि एक बुजुर्ग संत के साथ मारपीट, लूटपाट और मंदिर परिसर में कथित रूप से शराब पीने जैसी घटनाएं अत्यंत निंदनीय हैं। उन्होंने कहा कि यह भिंड जिले में इस प्रकार की पहली घटना है और इस पर तत्काल सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो संत समाज बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

इस दौरान संत नरसिंह दास, महामंडलेश्वर मोहनानंद महाराज, संत रामधुनिदास, संत रामदास, संत ऋषि महाराज, संत रामेश्वर दास, संत सत्यनारायण दास, संत जगराम दास, संत गुसाईं सरकार, संत कमलदास, संत प्रेमदास, जिला कांग्रेस कमेटी (ग्रामीण) के अध्यक्ष रामशेष बघेल, सरपंच मोहन सिंह बघेल, बेताल सिंह बघेल, सोनू सिंह बघेल, गोलू सिंह बघेल, जगदीश सिंह, विनोद सिंह बघेल, पूरन सिंह बघेल, गौरव तोमर, बंटी पुरोहित, रोमी चौहान सहित बड़ी संख्या में संत एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड 01 जुलाई।** सिटी कोतवाली थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल एवं जिंदा कारतूस बरामद करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

टीआई मुकेश शाक्य के अनुसार 25 जून 2026 को फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की नीयत से पिस्टल से फायर किया। गोली फरियादी को छूते हुए निकल गई, जिससे वह बाल-बाल बच गया। शिकायत के आधार पर थाना सिटी कोतवाली में अपराधिक मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

पुलिस अधीक्षक सुरज वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप पटेल तथा नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने मुखबिर की सूचना पर 29 जून को अटेर रोड स्थित बंबा पुलिया के पास से छोलियाना मोहल्ला निवासी मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



# 80 मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**भिंड 01 जुलाई।** स्वर्गीय धर्मचंद जैन, पूर्व प्राचार्य, जैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिंड की पुण्य स्मृति में श्री भारतवर्षीय दिगंबर जैन (धर्म संरक्षिणी) महासभा द्वारा कीर्ति स्तंभ परिसर में भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भिंड-दतिया लोकसभा क्षेत्र की सांसद संध्या राय रहीं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य राजीव शर्मा ने की। मंच संचालन दिनेश जैन एडवोकेट, मुन्ना जैन किला एवं अमित जैन राय ने संयुक्त रूप से किया।

जबकि आभार प्रदर्शन कार्यक्रम संयोजक दीपचंद जैन ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंच उद्घाटन मुकेश जैन एवं अलका जैन (दिल्ली) द्वारा किया गया। इसके पश्चात पंकज जैन (इनवर्टर) द्वारा चित्र अनावरण तथा राजीव जैन (चैतन्य जनरल स्टोर) के परिवार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मंगलाचरण साक्षी जैन एवं तृप्ति जैन ने प्रस्तुत किया। समारोह में सभी अतिथियों का महासभा के पदाधिकारियों ने तिलक-वंदन कर शॉल, श्रीफल, स्मृति-चिह्न एवं पट्टिका भेंटकर सम्मान किया।

## सेफ क्लिक में जागरूक्ता अभियान

**विजयपुर।** सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान के तहत थाना रघुनाथपुर स्टाफ को एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रघुनाथपुर के स्कूली छात्र एवं शिक्षकों को साइबर जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई व बैनर/फ्लेक्स लगाकर पंपलेट वितरण कर कार्यक्रम आयोजित किया।

# दबोह में 2 .20 करोड़ की आधुनिक गौशाला का शिलान्यास

**विधायक बोले– अंतिम सांस तक करूंगा क्षेत्र की सेवा**




**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड 01 जुलाई।** नगर की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए लहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक अम्बरीश शर्मा 'गुड्डू भैया' ने दबोह में ?2.20 करोड़ की लागत से बनने वाली आधुनिक गौशाला का भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष विमला नरेंद्र दुधारिया ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अमरीश शर्मा ने कहा कि दबोह की जनता ने उन्हें जो स्नेह और विश्वास दिया है, उसका ऋण वे कभी नहीं चुका सकते। उन्होंने कहा कि वे अपनी अंतिम सांस तक क्षेत्र की सेवा के लिए समर्पित रहेंगे तथा विकास कार्यों की गति लगातार जारी रखेंगे।

अपने संबोधन के दौरान विधायक भावुक भी दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि पिछले कुछ समय से उनकी माता के अस्वस्थ रहने के कारण वे क्षेत्र को अपेक्षित समय नहीं दे सके और कई लोगों के फोन भी नहीं उठा पाए। इसके लिए उन्होंने जनता से क्षमा याचना करते हुए भरोसा दिलाया कि वर्षों से लंबित विकास कार्यों की भरपाई अगले पांच वर्षों में पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा करना उनका उद्देश्य है और उनकी भावना को जनता तथा ईश्वर भली-भांति जानते हैं।

गौशाला के संचालन को लेकर विधायक ने नगर परिषद अध्यक्ष, अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि गौशाला के सुचारु संचालन और गोवंश की देखभाल के लिए कम से कम 10 युवाओं की एक समर्पित टीम बनाई जाए। उन्होंने कहा कि केवल गौशाला का निर्माण पर्याप्त नहीं है, बल्कि वहां रहने वाले गोवंश को समय पर चारा, पानी और उचित देखभाल मिलना भी उतना ही आवश्यक है।

विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में कुछ लोग बाधाएं उत्पन्न करने का प्रयास करेंगे, लेकिन ऐसे प्रयासों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले 10 दिनों के भीतर क्षेत्र की सभी प्रस्तावित गौशालाओं का भूमि पूजन कर निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

गौरतलब है कि दबोह नगर में लंबे समय से सर्वसुविधायुक्त गौशाला की मांग की जा रही थी। नगर में बढ़ती आवारा मवेशियों की समस्या और किसानों की फसलों को होने वाले नुकसान को देखते हुए यह परियोजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रस्तावित गौशाला में गोवंश के लिए आधुनिक शेड, चारा एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, बीमार एवं घायल पशुओं के उपचार हेतु चिकित्सा कक्ष तथा आधुनिक ड्रेनेज एवं स्वच्छता प्रणाली विकसित की जाएगी।

भूमि पूजन के अवसर पर नगरवासियों ने विधायक अमरीश शर्मा का फूल-मालाओं से स्वागत किया। लोगों ने उम्मीद जताई कि गौशाला के निर्माण से गोवंश को सुरक्षित आश्रय मिलेगा और किसानों को आवारा मवेशियों से होने वाले नुकसान से राहत मिलेगी।

कार्यक्रम को हृदय सिंह राजावत, बल्लू वकील, राजेंद्र गुर्जर एवं यशवंत सिंह कौरव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अंत में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष राव साहब गुर्जर ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन लहार विधानसभा प्रभारी अंजनी कुरचानिया ने किया।

## पुनर्जीवित हुआ उमरेश्वर तालाब

भिंड। भिंड जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत ऊमरी स्थित ऐतिहासिक उमरेश्वर मंदिर तालाब ने जलगंगा संवर्धन अभियान-2026 के माध्यम से नई पहचान हासिल की है। लगभग 80 वर्षों से उपेक्षित यह तालाब जलकुंभी, गाद और झाड़ियों से पूरी तरह पट चुका था, जिससे इसकी जल संग्रहण क्षमता लगभग समाप्त हो गई थी। अब जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत, सामाजिक संगठनों और ग्रामीणों के सामूहिक प्रयासों से तालाब का सफल पुनर्जीवन किया गया है।

# हत्या के प्रयास के तीनों आरोपियों को 10 वर्ष कैद



**नवभारत न्यूज**

**मेहगॉव 01 जुलाई।** अतिरिक्त जिला सत्र न्यायाधीश, मेहगॉव की अदालत ने 30 जून 2026 को हत्या के प्रयास के आरोप में छोटे-छोटे विवादों से जुड़े तीन आरोपी — छोटू उर्फ अनुज (24), राहुल उर्फ अतुल (36) व कौशल (26) — को दोषी ठहराते हुए प्रत्येक को 10 वर्ष के कठोर कारावास व 6,000-6,000 रुपये अर्थदण्ड से दंडित किया। घटना 7 सितंबर 2019 की सुबह लगभग 08:30 बजे गोरमी थाना क्षेत्र के कचनाव रोड पर घटी थी। प्रत्येक पक्ष के मुताबिक विगत रंजिश के चलते पीड़ित जेद्गहहू गुर्जर से पैसा लेने जा रहा था। रास्ते में आरोपीयों ने दो मोटरसाइकिलों पर सवार होकर उसे घेर लिया। अभियोजन के अनुसार कौशल ने 315 बोर के कट्टे से जान के इरादे से गोली चलायी जो पीड़ित के बाएं घुटने में लगी, जबकि अतुल ने दूसरी गोली दाहिने जांघ में मारी। रक्तस्राव से वह वहीं गिर पड़ा और आरोपी भाग निकले। कोर्ट में मौजूद साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर अदालत ने आरोप सिद्ध पाए। अपर लोक अभियोजक देवेश शुक्ला व सहायक मीडिया सेल प्रभारी अनीश शर्मा ने बताया कि घटना के समय आरोपियों द्वारा लगाए गए जख्म गंभीर थे और उनका कृत्य स्पष्ट रूप से जानलेवा उद्देश्य का था, जिसे कोर्ट ने आपराधिक कर्तव्यों व साक्ष्य के आधार पर दण्डनीय पाया।